Printed Pages – 8

AI-1425

M. A. (Final)

Term End Examination, 2020-21

HINDI

Paper : Fourth

छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य

(साहित्यिक वर्ग)

Time Allowed : Three hours

Maximum Marks : 100

Minimum Pass Marks : 36

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक उनके समक्ष अंकित हैं।*

इकाई-I

1. निम्नलिखित किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिये— 10×3=30

(क) जगदिश्वर के पाँव में, आपन मूड़ नवाय।
सिरी कृष्णी भगवान के, कहि हौं चरित सुनाय॥
मन में तो मन मिल गइस आंखो रहिस समाय।
मायाफंद में राधिका, मछरी अस तड़काय॥
जा दिन ते नंदलाल ला, ठाढ़े देखेव खोर।
कांही नही सुहावै गोई! किरिया तोर।

(ख) जात के बनिया जाना मोला। तन के नाँव मोर हे भोला॥
सिवपुर माँ में जनम ला पायेव। उँहेल खेलवे कूदेंन बाढ़ेव॥
भयेव जवान उहाँ जब मैंहर। करेव बिहाव जात अतपा घर॥
निचट सुंदर सब गुन खानी। मिलिस भोला महराज परानी॥

(ग) हमर कतका सुंदर गांव
जइसे लक्ष्मी जी के पांव
घर उज्जर लीपे पोते
जेला देख हवेली रोथे।
सुघ्घर चिकनाये भूंइया।
चाहे भात परूस ला गुंइया।
अंगना मा तुलसी घुरूवा

कोठा या बैला गरूवा
लकठा मा बोथन साग तरकारी।
वे हर अनपूरना के ठांव
हमर कतका सुंदर गांव

(घ) थरगे ताल तरैया, भैया भरगे ताल तरैया
झिमिर-झिमिर जस पानी बरसै
महकै खेत खार के माटी
घुडुर-घुडुर जस बादर गरजै
डोलै नदिया परवत घाटी
नागर घर के निकलिन घर से सबै किसान कमैया।

(ङ) तोला देखेव रहेंव गा, तोला देखेंव रहेंव रे।
धमनी के हाट में बोइर तरी रे!
लकर धकर आये जोही, आंखी ला मटकाए।
कइसे जादू करें मोला, सुम्खा मा रिझाए।
बोइर तरी बइठे बइहां, चना मुर्रा खाए।
सुटुर-सुटुर रेगें कइसे, बोले न बताए।
जात भर ले देखेंव तोला, आँखी ला गड़ियाए।

PTO

भूले भटके तीने दिन ले, धमनी हाट नइ आए।

(च) खेलय तो कनिहा के घुंघरू बाजय रून-झुन,
गिर के उठ किलकारी मारंय दउडंय फुन-फन।
आंगन मा आं कांव-कांव नरियावय कंउवा॥
हाथ लमा के रोटी देवंय कह-कह अउंवा॥
लाम ड़िठवना करिया आंजर आंज लगावय;
देख-देख महतारी मन अड़बड़ सुख पांवय।

इकाई-II

2. छत्तीसगढ़ी भाषा के इतिहास पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

छत्तीसगढ़ी साहित्य के इतिहास पर निबन्ध लिखिये।

अथवा

पं० सुन्दर लाल शर्मा का साहित्यिक परिचय देते हुए रचना संसार पर प्रकाश डालिए।

इकाई-III

3. काव्य सौष्ठव की दृष्टि से हरि ठाकुर के छत्तीसगढ़ी गीत व कविता की विवेचना कीजिये। 15

अथवा

प्यारेलाल गुप्त प्रकृति और लोकजीवन के कवि है समझाइए।

अथवा

कपिल नाथ कश्यप का छत्तीसगढ़ी साहित्य में स्थान निर्धारित कीजिए।

इकाई-IV

4. निम्नलिखित लघुउत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $5 \times 4 = 20$

(क) पूर्वी हिन्दी की बोलियाँ

(ख) छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य का विकास।

(ग) छत्तीसगढ़ में प्रचलित मुख्य लोक गाथाएँ।

(घ) छत्तीसगढ़ी उपन्यास और उपन्यासकार।

(ङ) गोपाल मिश्र का प्रदेय।

(च) डॉ० विनय कुमार पाठक का छत्तीसगढ़ी साहित्य को योगदान।

(छ) श्यामलाल चतुर्वेदी की कविताएँ और छत्तीसगढ़ी लोकजीवन।

(ज) पवन दीवान का साहित्यक परिचय।

PTO

इकाई-V

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **बीस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 20

(क) छत्तीसगढ़ के बाल्मीकी कौन कहे जाते हैं?

(ख) अरपा पैरा के धार के रचनाकार का नाम लिखिये।

(ग) छत्तीसगढ़ी के पाणिनी किसे कहा जाता है?

(घ) छत्तीसगढ़ शब्द का प्रयोग किस साहित्यिक रचना में सर्वप्रथम हुआ।

(ङ) भूलभूलैया के रचनाकार का नाम लिखिये।

(च) द्वारिका प्रसाद तिवारी विप्र का जन्म स्थान बताइए।

(छ) 'हीरू के कहिनी' के रचनाकार का नाम लिखिये।

(ज) 'पर्रा भर लाई' किसकी रचना हैं?

(झ) लक्ष्मण मस्तुरिहा के गीतों की दो पंक्तियाँ लिखिये।

(ञ) छत्तीसगढ़ी भाषा के भागीरथ कवि है?

(ट) छत्तीसगढ़ी भाषा के उद्‌विकास के रचनाकार है।

(ठ) छत्तीसगढ़ी अंचल में सतनामी पंथ द्वारा गाया जाने वाला विशेष लोकगीत का **नाम** लिखिये।

(ड) छत्तीसगढ़ के गांधी से सम्बोधित किया जाता हैं।

(ढ़) पण्डवानी में कथा का वर्णन होता हैं?

(ण) छत्तीसगढ़ी भाषा की प्रथम महिला साहित्यकार का नाम लिखिये।

(त) गोठान का छत्तीसगढ़ी शब्द लिखिये।

(थ) 'अहिमन रानी', 'केवला रानी' कैसी गाथा हैं?

(द) छत्तीसगढ़ के लोकगीतों का राजा कौन हैं?

(ध) 'बादर गीत' कविता के रचनाकार कौन हैं?

(न) कपिलनाथ कश्यप की प्रसिद्ध कृति का नाम लिखिये।

(प) 'बरदी' में कौन सी संज्ञा है?

(फ) छत्तीसगढ़ के आधुनिक साहित्यकारों के नाम लिखिये।

(ब) श्याम लाल चतुर्वेदी के कहानी संग्रह का नाम लिखिये।

(भ) 'शिवायन' किसकी रचना हैं?

(म) नंद किशोर तिवारी की किसी एक एकांकी रचना का नाम लीखिये।

(य) अक्षर का छत्तीसगढ़ी शब्द लिखिये।

(र) पं० सुंदर लाल शर्मा की विख्यात कृति कौन सी हैं?

(ल) 'मैं बईला नोहंव' के रचनाकार का नाम लिखिये।

(व) छत्तीसगढ़ी की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से हुई हैं?

(श) छत्तीसगढ़ी के तत्सम शब्दों के उदाहरण लिखिये।

(ष) खूबचंद बघेल के नाटक के नाम लिखिये।

(स) नारायण लाल परमार के किन्हीं दो निबन्धों के लिखिये।

(ह) छत्तीसगढ़ के अन्य नाम क्या हैं?

(क्ष) विधानसभा में छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त हुआ।

(त्र) फूटहा करम के रचयिता का नाम लिखिये।